Prof. Peeush Ranjan Agrawal
**Vice-Chancellor**

**प्रो.पीयूष रंजनअग्रवाल**
**कुलपति**

**Awadhesh Pratap Singh University**
**Rewa - 486 003 (M.P.)**

**अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय**
**रीवा – 486003 (म.प्र.)**
vcapsu@gmail.com

क्रमांक / कुलपति / 2020 / 125

दिनांक 16 अप्रैल 2020

प्रति,

समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, आचार्य, निदेशक एवं प्रभारी आचार्य, एस.एस.पी पाठ्यक्रम

प्रिय बन्धुओं,

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय, श्री लालजी टंडन जी के आह्वान पर COVID-19 की महामारी से जूझने पर आपने लगन एवं तत्परता के साथ व्हाट्सअप ,एस.एम.एस एवं इन्टरनेट के माध्यम से 8,47,615 संदेश विद्यार्थियों, पुरा–छात्रों एवं अभिभावकों को प्रेषित कर अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन करने की चेष्टा की । सूत्र वाक्य कोरोना के विरूद्ध ***"जंग जीतनी है! जंग के योद्धा बने"*** को आधार बनाकर जनसाधारण को महत्वपूर्ण जानकारी देकर महामारी से बचने के संदेश भी सुझाये। विश्वविद्यालय के कुलसचिव, समस्त अधिकारी, शैक्षणिक, तकनीकी स्टाफ एवं अशैक्षणिक कर्मचारियों का इस सामाजिक कार्य में विशेष योगदान रहा है।

आप सबको विदित है कि, विगत एक माह से विश्वविद्यालय के समस्त विभागों, केन्द्रों एवं महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधि lock - down की स्थिति में अवरूद्ध है। कुलाधिपति महोदय ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधि रूकने पर चिंता व्यक्त की है, कि विद्यार्थियों के लिए समस्त विषय की ऑन–लाईन /इन्टरनेट/इन्टरेक्टिव कक्षायें आयोजित कर पाठ्यक्रम को पूर्ण किया जाय, ताकि शैक्षणिक समय सारणी का गुणवत्ता के साथ निर्वहन हो सके।

इस संबंध में यूटीडी के समस्त डीन, विभागाध्यक्ष, प्रभारी आचार्य प्रतिदिन ऑन–लाईन कक्षाओं का विवरण प्रस्तुत करेंगे, ताकि राजभवन भोपाल, की बेवसाईट पर अपलोड किया जा सके।

समय सारणी, तकनीकी सहयोग के लिए प्रोफेसर नविता श्रीवास्तव एवं डा. पी.के राय से सम्पर्क करें। इस संबंध मे दो तकनीकी समिति, प्रोफेसर सी. डी सिंह एवं प्रोफेसर ए.पी. मिश्र के नेतृत्व में गठित की गई है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार, डिजिटल पुस्तकालय एवं विभिन्न संस्थाओं के उपलब्ध नि:शुल्क शैक्षणिक संसाधन का उपयोग करते हुए स्वयं–निर्मित वीडियो लेक्चर, आडियो लेक्चर, लेक्चर नोट्स, प्रश्न–उत्तरी आदि का प्रयोग कर अपनी आन–लाईन कक्षाओं को विद्यार्थियों के साथ तात्कालिक प्रभाव से नियमित रूप से संचालित करें। इन्टरेक्शन, शैक्षणिक प्रश्नों के हल, मौलिक प्रश्नों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाय। इस संबंध में आप अतिथि विद्वानों की कक्षाओं को समाहित करें।

अपने शोध विद्यार्थियों के सम्पर्क में रहते हुए शोध कार्य को महत्व दें। शोधपत्रों के प्रकाशन पर भी विशेष ध्यान दें। समस्त गतिविधियों / उपस्थिति / समय–सारणी आदि का विवरण सुरक्षित रखा जाय।

ऐसे विद्यार्थियों जिनके पास आधुनिक मोबाईल सुविधा प्राप्त न हो के लिए उपरोक्त समस्त पत्रकों को एकत्रित कर lock-down समाप्त होने के पश्चात विभागाध्यक्ष, प्रभारी आचार्य कम्प्यूटर के माध्यम से उपलब्ध करायेगें।

यूटीडी के समस्त विद्यार्थियों के लिए 5 मई 2020 से 20 मई 2020 तक (प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे) तक विशेष कक्षायें, विभागों में आयोजित की जायेगी ।

आन–लाईन कक्षाओं पर वरिष्ठ आचार्य कुछ विशेष संदर्भित व्याख्यान प्रस्तुत कर सकतें है, किन्तु ध्यान पाठ्यक्रम की संपूर्णता हो। अतिथि विद्वानों द्वारा संचालित आन–लाईन कक्षायें मात्र पाठ्यक्रम से संबंधित होंगी। माननीय राजभवन के अपर सचिव से प्राप्त पत्र की प्रति संदर्भ हेतु संलग्न है।

महाविद्यालयों के प्राचार्यो से अनुरोध है कि, वे उपरोक्तानुसार अपने महाविद्यालय में ऑन–लाइन के माध्यम से पाठ्यक्रमों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें । मुझे विश्वास है कि आपकी लगन एवं प्रयत्नो से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के संवहन में हम सभी सफल होंगे।

प्रोफेसर पीयूष रंजन अग्रवाल

प्रतिलिपि :–
1. माननीय राज्यपाल के सचिव, राजभवन, भोपाल की ओर अवलोकनार्थ.
2. कुलसचिव, अ.प्र.सिंह वि.वि. रीवा, समस्त को सूचनार्थ हेतु।
3. विश्वविद्यालय की बेवसाईट।

Scanned with CamScanner

राज्यपाल के अपर सचिव
Additional Secretary to Governor

दूरभाष Telephone
कार्यालय OFF.: 2858823-24
निवास RES. : 2858826
फैक्स FAX : 2858825, 2858816
राजभवन, भोपाल-462 052
Raj Bhavan, Bhopal—462 052

ई–मेल

क्रमांक : 659 /रा.स./यू.ए.–3/2020 :: दिनांक 14 अप्रैल, 2020

प्रति,

समस्त कुलपति,
मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय विश्वविद्यालय ।

विषय :– कोरोना वायरस (COVID-19) की रोकथाम हेतु लॉकडाउन अवधि में विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी भेजने के संबंध में ।

— 00 —

कोरोना वायरस (COVID-19) की रोकथाम हेतु दिनांक 25 मार्च, 2020 से सम्पूर्ण भारत में लॉकडाउन प्रभावशील किया गया हैं । उक्त के परिप्रेक्ष्य में आज दिनांक 14 अप्रैल, 2020 को माननीय कुलाधिपति महोदय के द्वारा वीडियों कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई ।

आज की बैठक में हुंई चर्चानुसार कृपया निम्नांकित बिन्दुओं पर लॉकडाउन अवधि की जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

1. अब तक सम्पन्न On line Interactive Classes की संख्या ।
2. विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर विश्वविद्यालय द्वारा अपलोड किए गये वीडियो लेक्चर्स की संख्या ।
3. विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर विश्वविद्यालय द्वारा अपलोड किए गये ऑडियो लेक्चर्स की संख्या ।
4. विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर विश्वविद्यालय द्वारा अपलोड किए गये PDF लेक्चर्स की संख्या ।
5. विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर विश्वविद्यालय द्वारा अपलोड किए गये PPT लेक्चर्स की संख्या ।
6. अब तक प्रकाशित शोध पत्रों की संख्या ।
7. ऑनलाईन क्लासेस की दैनिक समय सारिणी ।
8. दिनांक 3 मई, 2020 को लॉकडाउन समाप्त होने की स्थिति में परीक्षा के आयोजन के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी । इस बिन्दु पर कृपया यह जानकारी देवें कि किस तारीख से परीक्षाएं प्रारंभ होगी एवं किस तारीख तक परीक्षा समाप्त हो जाएगी ।

निर्देशानुसार अनुरोध हैं कि 2 दिवस की अवधि में उपरोक्त बिन्दुओं पर चाही गई जानकारी अनिवार्यतः उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

( अभय वर्मा )
राज्यपाल के अपर सचिव
मध्य प्रदेश

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner